

## डिविलियर्स और स्टेन भी शामिल

विराट के अलावा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स , तेज गेंदबाज डेल स्टेन और फाफ डु प्लेसिस भी इस एलीट लिस्ट में शामिल हैं। डब्ल्यूटीसी फाइनल में हार के बाद कोहली इस समय ब्रेक पर इंग्लैंड में हैं। इस लिस्ट में डब्ल्यूडब्ल्यूई और हॉलीवुड सुपर स्टार ड्वेन जॉनसन व पॉप सिंगर एरियाना ग्रांडे क्रमशरू दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं।

## इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट से 5 करोड़ की कमाई करते हैं विराट कोहली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मॉडर्न क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाजों में शुमार भारतीय कप्तान विराट कोहली सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहते हैं। कोहली के चाहने वाले देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी हैं। कोहली के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर फैंस की संख्या करोड़ों में है। हाल में हॉपर एचक्यू ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट से सबसे ज्यादा कमाई करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में कोहली के रूप में एकमात्र भारतीय क्रिकेटर को जगह मिली है। इस लिस्ट के मुताबिक 32 वर्षीय विराट इंस्टाग्राम पर एक स्पॉन्सर्ड पोस्ट के जरिए 5 करोड़ रुपए कमाते हैं। कोहली रिचलिस्ट के टॉप 20 में इकलौते भारतीय हैं। उन्हें ओवरऑल 19वां स्थान मिला है। हॉपर एचक्यू के मुताबिक इंस्टाग्राम के एक पोस्ट से सर्वाधिक कमाई के मामले में पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पहले नंबर पर हैं। युवेंट्स फुटबॉल क्लब की ओर से खेलने वाले रोनाल्डो इंस्टाग्राम पर एक स्पॉन्सर्ड पोस्ट के बदले 11.9 करोड़ रुपये लेते हैं।

# दूसरे दर्जे की भारतीय टीम के साथ खेलना अपमान है

**क्रिकेट**

### भारत और श्रीलंका के बीच 3 वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलंबो। भारत और श्रीलंका के बीच इस महीने में तीन–तीन मैचों की वनडे और टी20 इंटरनेशनल सीरीज खेली जानी है। इस सीरीज के लिए भारतीय टीम श्रीलंका पहुंच चुकी है, लेकिन इस टीम के साथ भारत के दिग्गज खिलाड़ी नहीं हैं। एक तरह से कह सकते हैं कि भारत की ये दूसरे दर्जे की टीम है। इसी को लेकर श्रीलंका के पूर्व कप्तान अर्जुन रणतुंगा ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को फटकार लगाई है। रणतुंगा का कहना है कि दूसरे दर्जे की भारतीय टीम की मेजबानी करने के लिए सहमत होना किसी अपमान से कम नहीं है।

श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज के लिए विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, केएल राहुल और रिषभ पंत जैसे खिलाड़ी नहीं होंगे, क्योंकि ये सभी खिलाड़ी इस



समय इंग्लैंड में हैं, जहां अगस्त में मेजबानों के खिलाफ टीम इंडिया को पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। यही कारण है कि श्रीलंका के दौरे पर टीम इंडिया के कप्तान शिखर धवन होंगे, जबकि उपकप्तानी भुवनेश्वर कुमार को सौंपी गई है। ये खिलाड़ी अनुभवी हैं, लेकिन टीम के साथ यात्रा करने वाले ज्यादातर खिलाड़ी युवा हैं। भारत ने कप्तान विराट कोहली और सीमित ओवरों के उप कप्तान रोहित शर्मा के आगामी टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर होने के कारण शिखर धवन की अगुआई में कम अनुभवी टीम को श्रीलंका भेजा है। इसमें छह खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है।

अर्जुन रणतुंगा ने कहा, यह दूसरे दर्जे की भारतीय टीम है और उनका यहां आना हमारे क्रिकेट का अपमान है। मैं वर्तमान प्रशासन पर टेलीविजन मार्केटिंग की जरूरतों के कारण उनके साथ खेलने के लिए सहमत होने का आरोप लगाता हूं। श्रीलंका को 1996 में विश्व कप जिताने वाले इस महान बल्लेबाज ने कहा, भारत ने अपनी सर्वश्रेष्ठ टीम इंग्लैंड भेजी और कमजोर टीम को यहां खेलने के लिए भेजी। मैं इसके लिए अपने बोर्ड को दोषी ठहराता हूं।

पूर्व कप्तान ने श्रीलंकाई टीम के मौजूदा समय में चल रहे खराब प्रदर्शन की भी बात की, जहां इंग्लैंड के खिलाफ टीम को टी20 के बाद वनडे सीरीज भी गंवानी पड़ी। उनका कहना है कि श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड में कुछ बदलाव होने चाहिए और अनुशासन लाना चाहिए।

# बाबर आजम को मिला ग्रेड ए कॉन्ट्रेक्ट, इन खिलाड़ियों पर गिरी गाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कराची। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मोहम्मद हफीज और हारिस सोहेल जैसे सीनियर खिलाड़ियों को अगले सत्र के लिए केंद्रीय अनुबंध में शामिल नहीं किया है। कप्तान बाबर आजम को ए श्रेणी में जगह दी गई है। पीसीबी ने कुल 20 क्रिकेटरों को केंद्रीय अनुबंध में शामिल किया है। उसने केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों का वेतन 25 प्रतिशत बढ़ाने का भी फैसला किया है।

आजम के अलावा हसन अली, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी को सर्वाधिक वेतन पाने वाले खिलाड़ियों की श्रेणी 'ए' में रखा गया है। बोर्ड ने हालांकि खुलासा नहीं किया है



कि खिलाड़ियों को कुल कितनी धनराशि का भुगतान किया जाएगा। जिन खिलाड़ियों को इस केंद्रीय अनुबंध में जगह नहीं मिली है उनमें हफीज, सोहेल, असद शाफिक, मोहम्मद अब्बास, इमाद वसीम और शान मसूद प्रमुख हैं। हफीज को इस साल के शुरू में वर्ष के बीच में अनुबंध सौंपा गया था।

वहाब रियाज और शोएब मलिक जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पिछले साल की तरह इस बार भी अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची में जगह नहीं मिली है। पीसीबी ने युवा बल्लेबाज हैदर अली और तेज गेंदबाज नसीम शाह को भी उदीयमान वर्ग की अनुबंध सूची से हटा दिया है।

पीसीबी ने सभी चार श्रेणियों के खिलाड़ियों के मासिक वेतन में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की भी घोषणा की। सभी प्रारूपों की मैच फीस भी समान कर दी गयी है। पहले प्रत्येक प्रारूप में खिलाड़ी की श्रेणी के अनुसार मैच फीस भिन्न होती थी। बोर्ड ने कहा, लेकिन अब इसमें बदलाव किया गया है। बी, सी और उदीयमान श्रेणी के लिए टेस्ट, वनडे और टी20 प्रारूप में मैच फीस बढ़ा दी गई है ताकि सभी खिलाड़ियों को समान मैच फीस मिले।

## अंकिता रैना महिला युगल के पहले दौर में हारीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। भारत की अंकिता रैना और अमेरिका की उनकी जोड़ीदार लॉरेन डेविस विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला युगल के पहले दौर में आसिया मोहम्मद और जेसिका पेगुला की अमेरिकी जोड़ी से सीधे सेटों में हार गई। अमेरिका की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अंकिता और डेविस को 70 मिनट तक चले मैच में 6–3, 6–2 से हराया। अंकिता ने मिश्रित युगल में हमवतन रामकुमार रामनाथन के साथ जोड़ी बनाई है जहां उनका मुकाबला सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्ना की हमवतन जोड़ी से होगा। सानिया और अमेरिका की उनकी जोड़ीदार बैथेनी माटेक सैंड्स महिला युगल के दूसरे दौर में पहुंच गई हैं। सानिया और बेथानी ने धीमी शुरुआत के बाद लय हासिल कर ली और पहले दौर में मुकाबले में अमेरिका और चिली की जोड़ी को एक घंटा और 27 मिनट में 7–5, 6–3 से हराया। यह पहला मौका है जब ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में दो भारतीय महिला खिलाड़ी उतरीं। अंकिता लगातार तीसरे ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेल रही हैं।

## न्यूज डायरी



### निराश वहाब को टी20 विश्व कप में वापसी की आस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कराची। पाकिस्तान के अनुभवी तेज गेंदबाज वहाब रियाज इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए राष्ट्रीय टीम से बाहर होने पर निराश हैं। वहाब का कहना है बावजूद इसके उनका 17 अक्टूबर से यूएई और ओमान में शुरू होने वाले टी20 विश्व कप में खेलने का सपना टूटा नहीं है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने लाहौर में संवाददाताओं से कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए पाकिस्तान के चयनकर्ताओं की किस तरह की योजना है। वहाब ने कहा, जाहिर है, मैं अपने हालिया प्रदर्शन के बाद इंग्लैंड और वेस्टइंडीज दौरों के लिए टीम से बाहर होने से निराश हूं। चयन का मानदंड चयन समिति के लिए एक सवाल है, लेकिन मुझे लगता है कि जो भी अच्छा प्रदर्शन करता है उसे चुना जाना चाहिए। उनके पास अपने कारण हो सकते हैं लेकिन एक सीनियर खिलाड़ी के तौर पर मैं टीम में जगह बनाने से चूकने से निराश हूं।

### करन के पंजे में फंसा श्रीलंका, इंग्लैंड ने वनडे सीरीज भी जीती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। सैम करन ने अपने वनडे करियर में पहली बार मैच में पांच विकेट लिए जिसके बाद अनुभवी जो रूट और कप्तान इयॉन मोर्गन ने अटूट शतकीय साझेदारी निभाई जिससे इंग्लैंड ने दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आठ विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैचों की सीरीज में 2–0 से अजेय बढ़त बनाई। करन ने 48 रन देकर पांच विकेट लिए। उनके साथ नई गेंद संभालने वाले डेविड विली ने 64 रन देकर चार बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता पाने वाला श्रीलंका धनंजय डिसिल्वा के 91 और दासुन शनाका के 47 रन के बावजूद नौ विकेट पर 241 रन ही बना पाया। इंग्लैंड ने 43 ओवर में दो विकेट पर 244 रन बनाकर 42 गेंद शेष रहते हुए जीत दर्ज की। जेसन रॉय (60) और जॉनी बेयरस्टॉ (29) ने पहले विकेट के लिए 76 रन जोड़े जबकि बाद में रूट (नाबाद 68) और मोर्गन (नाबाद 75) ने तीसरे विकेट के लिये 140 रन की अटूट साझेदारी की।

### पोलार्ड और ब्रावो का दम, वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज ने साउथ अफ्रीका को पांच मैचों की टी20 इंटरनैशनल मैचों की सीरीज के चौथे मैच में 21 से हरा दिया। सीरीज अब 2–2 से बराबर हो गई है। टीम के कप्तान कायरन पोलार्ड ने 25 गेंद पर धमाकेदार 51 नाबाद रनों की पारी खेली। वहीं ब्रावो ने 19 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए। साउथ अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वेस्टइंडीज की टीम ने 6 विकेट पर 167 रन बनाए। इसके बाद गेंदबाजी के दम पर साउथ अफ्रीका को 9 विकेट पर 146 रन ही बनाने दिए। वेस्टइंडीज ने शुरुआत अच्छी की और पहले ही ओवर में 20 रन जोड़े। इसके अलावा आखिरी चार ओवरों में भी उसने 66 रन बनाए लेकिन बीच के ओवरों में उसकी पारी पटरी से उतरी रही। इन ओवरों में उसने सिर्फ 81 रन जोड़े। लिंडल सिमंस ने 34 गेंद पर 47 रन बनाए।

### इंग्लैंड के खिलाफ शुभमन गिल के बेस्ट रिप्लेसमेंट कौन होंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। शुभमन गिल इस वक्त इंजरी की समस्या से जूझ रहे हैं और ऐसी रिपोर्ट्स सामने आ रही है कि, वो इसकी वजह से क्रिकेट एक्शन से दो महीने दूर रह सकते हैं। इतने दिनों तक क्रिकेट से दूर रहने की वजह से ऐसा माना जा रहा है कि, वो इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले तीन मुकाबले शायद नहीं खेल पाएं। शुभमन गिल पिछले साल दिसंबर से रोहित शर्मा के साथ भारतीय टेस्ट टीम के लिए पारी की शुरुआत कर रहे हैं। गिल के इंजर्ड होने से टीम इंडिया को बड़ा झटका लगा है और उनकी जगह किसे अब मौका दिया जा सकता है, इस पर सभी अपनी–अपनी राय दे रहे हैं।